पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से मिलकर नववर्ष की बधाई दी

लखनऊः 01 जनवरी, 2020

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल से आज राजभवन में बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्तियों सहित आमजन ने भेंट कर नववर्ष की बधाईयाँ दी। राज्यपाल ने भी सभी का स्वागत किया तथा नववर्ष की बधाईयों का आदान–प्रदान किया। इससे पूर्व राज्यपाल ने राजभवन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट की तथा उन्हें व उनके परिजनों को नववर्ष की बधाई दी।

राज्यपाल से भेंट कर बधाई देने वालों में उत्तर प्रदेश के मंत्रीगण श्री सुरेश कुमार खन्ना, श्रीमती स्वाती सिंह, श्री लाखन राजपूत, श्री ओ0पी निषाद, मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, पुलिस महानिदेशक श्री ओ0पी0 सिंह, प्रमुख सचिव वित्त श्री भुवनेश कुमार सहित अन्य विभागों के प्रमुख सचिव एवं सचिवगण, लखनऊ के मण्डलायुक्त श्री मुकेश मेश्राम, जिलाधिकारी लखनऊ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रो0 आलोक कुमार राय, ए0के0टी0यू0 प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 विनय कुमार पाठक, ख्वाजा मुइनुद्दीन उर्दू, अरबी–फारसी विश्वविद्यालय के कुलपति श्री माहरूख मिर्जा, सिटी माण्टेसरी स्कूल के संस्थापक श्री जगदीश गांधी, विभिन्न संस्थानों के निदेशक, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, पत्रकारगण, अनेक कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी, छात्र–छात्रायें तथा गणमान्य नागरिक सम्मिलित थे। राज्यपाल ने बधाई देने आये विद्यालयी बच्चों को स्कूल बैग उपहार स्वरूप भेंट किया।

नववर्ष भेंट कार्यक्रम के पश्चात् विनोबा सेवा आश्रम के सहयोग से राजभवन में लघु वृतचित्र 'एक छोटी सी जीत' दिखाई गयी। यह फिल्म तम्बाकू का सेवन करने से होने वाले रोगों के विषय में थी। लघु वृतचित्र देखने के बाद राज्यपाल ने कहा कि लखनऊ को तम्बाकू मुक्त करने का सभी संकल्प लें। उन्होंने जनहित में लघु वृतचित्र को विद्यालयों में भी प्रसारित करने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, विनोबा सेवा आश्रम के अध्यक्ष श्री रमेश भइया, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री हेमन्त राव तथा विशेष सचिव डॉ0 अशोक चन्द्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

———

ओ0पी0राय/राजभवन (106/1)

जागरूकता रथ

हमारा सपना-तम्बाकू मुक्त हो लखनऊ अपना
विनोबा की पंचशक्ति सहयोग से
साकार हुए सपने के प्रयासों पर आधारित
तम्बाकू मुक्त लखनऊ अभियान
द्वारा निर्मित लघु फिल्म
एक छोटी सी जीत
का शुभ प्रदर्शन
माननीया आनंदी बेन पटेल
महामहिम राज्यपाल
आशीष वचनों द्वारा
01 जनवरी 2020, राजभवन लखनऊ

TYCOON